झारखण्ड सरकार

# कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी,
# हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfohazwest@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक :– 5857 दिनांक :– 08.12.2017

सेवा में,

Chief Project Manager,
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited,
18/N Ground Floor, Block – A, New Alipor,
Kolkata, West Bengal – 700053

विषय :– डेडीकेटेट फ्रेट कोरीडोर द्वारा दानकुंनी पश्चिम बंगाल से सोननगर सेक्शन निर्माण पूर्वी डेडीकेटेट फ्रेट कोरीडोर के तहत कोडरमा Detour (PPP Mode) से हजारीबाग जिला (Detour Section) के निर्माण के संबंध में।

प्रसंग:– आपका ऑन लाईन Reply दिनांक 05.12.2017 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में सूचित करना है कि वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत प्राप्त प्रस्तावों के निष्पादन हेतु जारी किये गये पोर्टल www.forestclearance .nic.in पर इस कार्यालय के पत्रांक 2690 दिनांक 18.05.2017 द्वारा किये गये पृच्छाओं का निराकरण प्रतिवेदन अपलोड किये बिना ही प्रस्ताव दिनांक 05.12.2017 को अग्रसारित कर दिया गया है जिससे कि प्रस्ताव वन प्रमंडल पदाधिकारी के स्तर पर लम्बित दिखा रहा है (ऑन लाईन प्रिन्ट की प्रति संलग्न)। प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के पोर्टल पर अग्रसारित किया गया है किन्तु कोई अभिलेख ऑन लाईन अपलोड़ नहीं किया गया है।

विदित हो कि दिनांक 14.11.2017 को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग के अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में आपके उपस्थित प्रतिनिधि श्री बालेश्वर सिंह, उप परियोजना पदाधिकारी, डी०एफ०सी०सी०आई०एल०, कोडरमा द्वारा बतलाया गया कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल अन्तर्गत अपयोजित होने वाले वन भूमि का रकवा 72.06 हे० से बढ़कर 121.00 हे० होगा तथा संशोधित प्रस्ताव नवम्बर माह के अंत तक समर्पित करने का आश्वासन दिया गया परन्तु संशोधित प्रस्ताव हार्ड कॉपी में अब तक अप्राप्त है। त्रुटियों के निराकरण किये बिना ही प्रस्ताव अग्रसारित किया जाना उचित प्रतित नहीं होता है।

अतः पुनः अनुरोध है कि इस कार्यालय के पत्रांक 2690 दिनांक 18.05.2016 द्वारा किये गये पृच्छाओं के आलोक में निराकरण प्रतिवेदन/ संशोधित प्रस्ताव अविलम्ब समर्पित करने की कृपा की जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

8/12/17

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल
8/12/17

User AgencyfcaDedicatedEFC72_68